प्रादेशिक समाचार
19.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई, जिसमें मंत्रियों ने जनहित के मुद्दों पर जवाब दिए। विधायक प्रदीप यादव ने जेपीएससी अभ्यर्थियों की उम्र सीमा में छूट का मुद्दा उठाया। उन्होंने गरीब छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की।
जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार सभी छात्रों को उम्र सीमा में राहत देने का प्रयास कर रही है।
अब राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हो रही है, जहां सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धियां गिना रहा है और विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास कर रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने धनबाद पहुंचे हैं। उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद हैं। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि बढ़ा दी है। अब यह परीक्षा 8 मार्च की बजाय 15 मार्च को होगी। प्रशासनिक कारणों से हुए इस बदलाव के साथ आयोग ने 103 पदों पर भर्ती के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है।

****

पीआईबी रांची और भुवनेश्वर के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने आज आकाशवाणी रांची का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर संवाद किया। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य देश के विकास लक्ष्यों को जन–जन तक पहुंचाने में सूचना माध्यमों की भूमिका को सशक्त बनाना था।

****

धनबाद नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने ताकत झोंक दी है। कुसुम विहार में प्रत्याशी संजीव कुमार के समर्थन में राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और राष्ट्रीय मंत्री रितुराज सिन्हा ने पदयात्रा की। भारी संख्या में जुटे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर–घर जाकर जनसंपर्क किया और जीत के लिए वोट मांगे।

****

रांची में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिल्ली अंचल कार्यालय के अमीन गणेश महतो को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने जमीन नापी की रिपोर्ट और नक्शा देने के बदले परिवादी से घूस मांगी थी।

****

रांची में एंटी–नक्सल इकाई झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। डीजीपी तदाशा मिश्रा की उपस्थिति में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और जवानों ने शौर्य का प्रदर्शन किया। 19 फरवरी 2008 को गठित इस बल की सराहना करते हुए डीजीपी ने नक्सल उन्मूलन में इसके सर्वोच्च बलिदान और योगदान को याद किया।

****

चतरा जिले में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। इस वर्ष महोत्सव में वाटर स्पोट्र्स और पैराग्लाइडिंग मुख्य आकर्षण हैं। मां भद्रकाली मंदिर परिसर में गंगा आरती, ड्रोन शो और देशभर के कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी. कैलाश खेर और कल्पना पटवारी जैसे प्रसिद्ध गायक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

****

झारखंड में आज मौसम शुष्क बना हुआ है और राज्य में गर्मी का अहसास बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह के समय हल्का कोहरा या धुंध रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ आसमान मुख्य रूप से साफ हो गया है। फिलहाल राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश के आसार नहीं हैं।

*******समाप्त*******